न्यूज ब्रीफ

एनआरएस के तालाब से मिला शव

कोलकाता : इंटाली थानांतर्गत एनआरएस मेडिकल कॉलेज व अस्पताल परिसर के तालाब से एक अधेड़ का शव मिला। मृतक का नाम मलय मंडल (50) है। वह टेंगरा के प्रभुराम सरकार लेन का रहनेवाला था।

मोचीपाड़ा में फंदे से लटकता शव मिला

कोलकाता : मोचीपाड़ा थानांतर्गत बैठकखाना रोड में एक व्यक्ति का फंदे से लटकता हुआ शव बरामद किया गया। मृतक का नाम सुजीत मल्लिक (26) है। सुजीत को मकान के दूसरे तल्ले के कमरे में फंदे से लटकता देखा गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत बताया।

ट्रक के धक्के से राहगीर की मौत

कोलकाता : साउथ पोर्ट थानांतर्गत सीजीआर रोड पर ट्रक के धक्के से राहगीर की मौत हो गयी। मृतक का नाम राकेश ऋषि (25) है। मंगलवार की देर रात जब राकेश सीजीआर रोड से गुजर रहा था तभी एक ट्रक उसे कुचल कर फरार हो गया।

वॉटगंज में व्यक्ति की अस्वाभाविक मौत

कोलकाता : वॉटगंज थानांतर्गत नित्य घोष स्ट्रीट स्थित मकान में एक व्यक्ति की अस्वाभाविक मौत हो गयी। मृतक का नाम रमेश मंडल (45) था। रमेश को घर के अंदर अचेत पड़ा देख अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक जांच के अनुसार वह नशे का आदि था।

मालिक ने सैलरी नहीं बढ़ायी तो 50 लाख रुपये लेकर हुआ फरार

सन्मार्ग संवाददाता, कोलकाता : मालिक द्वारा सैलरी नहीं बढ़ाये जाने से परेशान एक ड्राइवर उसका 50 लाख रुपये लेकर फरार हो गया। घटना भवानीपुर थानांतर्गत एल्गीन रोड इलाके की है। पुलिस ने मामले में अभियुक्त ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त का नाम आलोक दास है। पुलिस ने उसे उत्तर 24 परगना के खड़दह से पकड़ा है। अभियुक्त की निशानदेही पर खड़दह और बेलियाघाटा स्थित उसके ठिकाने से पुलिस ने 43 लाख रुपये जब्त किए हैं। जानकारी के अनुसार प्रवास चंद्र पाती ने शिकायत दर्ज करायी कि 8 अक्टूबर की दोपहर 1.50 बजे से 7.45 बजे के बीच उसका ड्राइवर एल्गीन रोड से 50 लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गया। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने अभियुक्त के मोबाइल फोन के टॉवर लोकेशन को ट्रेस किया। पुलिस ने सीडीआर का एनालिसिस कर खड़दह से अभियुक्त आलोक दास को पकड़ा। आलोक से पूछताछ के दौरान पुलिस ने उसकी निशानदेही पर खड़दह और बेलियाघाटा इलाके से रुपये बरामद किए। पुलिस ने दोनों ही जगहों से 43.50 लाख नकद बरामद किए।

बरामद रुपये दिखाते हुए ओसी भवानीपुर सुमित दासगुप्ता व अन्य पुलिस कर्मी

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के शहीद कार्मिक
शहादत की तिथि 21/10/1992

761241217 लॉस नायक एस0पी0 मुखर्जी 74 बटा0 केरिपुबल

Vill+Po-Jiwe, Ps-Sainthia, Dist-Birbhum, State-WB-731234

21 अक्टूबर 1992 को केरिपुबल की 74 बटालियन देश की आन्तरिक सुरक्षा को बनाए रखने हेतु परिचालनिक डयूटी के लिए श्रीनगर में तैनात थी। गश्ती दल की मुठभेड आतंकियो से हो गई। आतंकियों ने दल पर उनके सुरक्षा घेरे के पीछे से अंधाधुध गोलीबारी शुरू कर दी। दल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आतंकियो की आरे बढे। दल के शौर्य से परास्त होकर आंतकी गलियों का सहारा लेते हुए भाग खडे हुए। इस मुठभेड में लॉसनायक एस0पी0मुखर्जी देश के प्रति कर्तव्यों का निर्वह्न करते हुए शहीद हो गए।

davp -19111/11/0092/2122

आरजी कर अस्पताल में मरीजों का हाल बेहाल, परिजनों ने किया प्रदर्शन

सन्मार्ग संवाददाता

कोलकाता : आरजी कर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के प्रिंसिपल के इस्तीफे की मांग पर अड़े मेडिकल स्टूडेंट्स का प्रदर्शन जारी है। यही कारण है कि अस्पताल में भर्ती मरीजों का हाल बेहाल है। छात्रों और डॉक्टरों के विरोध से परेशान मरीजों के परिजनों ने भी बुधवार को प्रदर्शन किया। इसके बाद डॉक्टरों ने ट्रॉमा केयर में लाए गए मरीज को जांच के बाद भर्ती ले लिया। सूत्रों का कहना है कि अस्पताल में विरोध प्रदर्शन चल रहा है। ऐसे में डॉक्टरों की कमी है। अगर भर्ती लिया भी जाए तो इन रोगियों का इलाज नहीं किया जाएगा। अंत में, ऑन-ड्यूटी पुलिसकर्मी, सुरक्षा गार्ड और डॉक्टरों की टीम ने इनके परिजनों को समझाया कि पढ़ने वाले डॉक्टरों के बावजूद यहां काफी डॉक्टर हैं, जो कि मरीजों का इलाज करेंगे। इसके बाद वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम ने उनसे बातचीत की तथा उन्हें समझाया। रोगियों के परिजनों का आरोप है कि उनके मरीजों का इलाज सही से नहीं हो रहा है। डॉक्टरों की गैरमौजूदगी के कारण कइयों की तबीयत और बिगड़ गयी है। इसके बाद उन्हें अस्पताल प्रबंधन की ओर से समझाया गया कि इन्टर्न तथा पीजी की पढ़ाई कर रहे छात्र अनशन पर हैं न कि आरजी कर में कार्यरत सभी डॉक्टर। इसके बाद मरीज के परिजन शांत हुए तथा वे मरीज को ट्रॉमा केयर में भर्ती करने के लिए राजी हुए। अस्पताल के अधिकारियों के शब्दों में, "विरोध आंदोलन लंबे समय से चल रहा है। इंटर्न, पीजी छात्रों ने काम करना बंद कर दिया और आंदोलन में शामिल हो गए। इससे आम लोगों में गलत संदेश जा रहा है। वे सेवाओं को लेकर भी भ्रमित हो रहे हैं। वहीं, छात्र डॉक्टरों का एक वर्ग प्राचार्य के इस्तीफे का विरोध कर रहा है। अस्पताल के अधिकारियों ने कहा है कि छात्र प्राचार्य को देखकर पढ़ने नहीं आए और प्रशासनिक मामलों को देखना उनका काम नहीं है।

भाजपा ने की निकाय चुनावों में केंद्रीय वाहिनी तैनात करने की मांग

सन्मार्ग संवाददाता,कोलकाता : उपचुनाव के बाद राज्य में निकाय चुनाव भी केंद्रीय वाहिनी से कराये जाएं। ये कहना है प्रदेश भाजपा अध्यक्ष **डॉ. सुकांत मजूमदार** का। उन्होंने कहा, 'यहां प्रशासन की मौजूदगी में अगर राज्य पुलिस से चुनाव कराया जाए तो निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव संभव नहीं है। यहां की पुलिस चुनाव कराने में हमेशा व्यर्थ होती है और पुलिस को और मौका देने का कोई मतलब नहीं बनता। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा, 'विधानसभा चुनाव के पहले से ही राज्य में पालिका व निगम चुनाव बाकी है। इतने दिन राज्य सरकार को चुनाव कराने की कोई इच्छा नहीं थी। हमने बार-बार चुनाव करवाने की मांग की, लेकिन राज्य सरकार की संभवत: यही योजना थी। विधानसभा चुनाव के बाद जिलों में आतंक फैला कर टीएमसी पालिकाओं पर कब्जा करना चाहती है।' सुकांत मजूमदार ने स्पष्ट तौर पर कहा कि उन्हें राज्य पुलिस पर कोई भरोसा नहीं है। निगम व पालिका चुनाव केंद्रीय वाहिनी से करवाने की मांग भी उन्होंने की और कहा कि जरूरत पड़ने पर अदालत भी हम जा सकते हैं। उन्होंने कहा, 'भाजपा किसी भी समय लड़ाई के लिए तैयार है। विधानसभा चुनाव के आधार पर भी राज्य की काफी पालिकाओं व निगम में हम अच्छी स्थिति में हैं।

रेल विद्युतीकरण, गुवाहाटी

Proforma 10-01
भारतीय रेल
"सार्वजनिक सूचना"

इसके द्वारा निम्न वर्णित क्षेत्र के सभी उपभोक्ता को सूचित किया जाता है कि, एन एफ रेलवे के उल्लेखित क्षेत्र के सभी कर्षण बिजली का तार के विशेष रूप से उल्लेखित तारीख से या उसके बाद 25000 वोल्ट 50 हर्ट्ज एसीविदयुत द्वारा आबेशित किया जायेगा। उस तारीख के सभी कर्षण तारों को क्रियाशील माना जायेगा। कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति को उस तारो के निकट आना या काम करना मना है।

SECTION	FROM		TO		Date of Charging
	Loc.No.	Chainage	Loc.No.	Chainage	
New Jalpaiguri-Siliguri Jn.	NS 01/27	01/578.0	NS 08/19	08/985.0 (SVQ end)	19.11.2021
			SK 01/03	01/83.0 (BORA end)	

स्थान–न्यू जलपाईगुड़ी
दिनांक:–18.10.2021

मुख्य परियोजना प्रबन्धक,
रेल विद्युतीकरण, गुवाहाटी

पीआर/165/2021 (V) "ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ" www.ireps.gov.in

रेल विद्युतीकरण, गुवाहाटी

Proforma 10-02
भारतीय रेल
25 के.वी. ए सी कर्षण का प्रवेश
"सड़क इस्तेमाल करने वालों के लिए चेतावनी"

25 के.वी. विद्युत कर्षण के संपर्क में जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि, एन एफ रेल्वे के अंतर्गत न्यू जलपाईगुड़ी से सिलीगुड़ी जवशन के सभी लेबल क्रॉसिंग गेट में उच्चता का पैमाना का सूचक लगा दिया गया है जो रोड लेबल के ऊपर स्पष्ट **अधिकतम ऊंचाई 4.78 मीटर** तक मुक्त है। कोई भी अतिरिक्त उच्चता वाली वाहन इस खतरनाक आवेशित क्रियाशील कर्षण तारो **(Contact Wire) के संपर्क में न आए जो रेल लेवल से 5.5 मीटर के ऊंचाई पर है।**

सभी जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि, वे वाहनों को लोडिंग करते समय ऊपर वर्णित उच्चता का ध्यान रखे और ये देखे की कोई भी अवस्था में कोई भी वाहन उस उच्चता पैमानो का उलंघन न करे।

अतिरिक्त उच्चता से होने वाले खतरा:–
1. उच्चता पैमाना को खतरा और सड़क और रेलवे ट्रैक में वाधा।
2. वाहन में मौजूद सामाग्री या खुद वाहन के लिए खतरा।
3. खतरनाक आवेश युक्त तारो के निकट आने से होनेवाली आग और जीवन का खतरा।

स्थान–न्यू जलपाईगुड़ी
दिनांक:– 18.10.2021

मुख्य परियोजना प्रबन्धक
रेल विद्युतीकरण, गुवाहाटी

पीआर/166/2021 (V) "ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ" www.ireps.gov.in

स्टर्लिंग बायोटेक लिमिटेड की समग्र रूप से ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना, गोईंग कन्सर्न के आधार पर, परिसमापन में

(भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 32 और 33 के तहत)

एतद्द्वारा बड़े पैमाने पर जनता को नोटिस दिया जाता है कि, समग्र रूप से कॉर्पोरेट देनदार के अधिग्रहण के लिए, नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित विवरण के अनुसार, गोईंग कन्सर्न के आधार पर स्टर्लिंग बायोटेक लिमिटेड, परिसमापन में (कॉर्पोरेट देनदार) CIN L51900MH1985PLC035738 और पंजीकृत कार्यालय ४३, अटलांटा, नरीमन पॉइंट, मुंबई ४०००२१, महाराष्ट्र, के परिसमापक द्वारा आयोजित की जाने वाली ई-नीलामी प्रक्रिया के संबंध में इच्छुक बोलीदाताओं से बोलियां आमंत्रित की जाती है।

बिक्री विवरण	बिक्री कि विधि	ईओआई तथा ईएमडी जमा करने कि समयसीमा	ईएमडी राशी (आईएनआर)	आरक्षित मूल्य (आईएनआर)	नीलामी कि तिथि एवं समय	वृद्धिशील मूल्य (आईएनआर)
कॉर्पोरेट ऋणको समग्र रूप से, गोईंग कन्सर्न आधार पर	ई-नीलामी	05.11.2021 को अथवा उससे पूर्व	वापसी योग्य; आईएनआर 27.42 करोड़ (जो आरक्षित मूल्य के 5% बराबर है)	आईएनआर 548.46 करोड़	10.12.2021 (शुक्रवार) सुबह 11.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक।	आईएनआर 2 करोड़ या अधिक

कॉर्पोरेट देनदार जिलेटिन और फर्मेन्टेशन आधारित सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री (एपीआई) के उत्पादन में लगा हुआ है। जिलेटिन गोजातीय हड्डी से निर्मित होता है और इसका मुख्य रूप से फार्मास्युटिकल, न्यूट्रास्यूटिकल और खाद्य अनुप्रयोगों में उपयोग किया जाता है। इच्छुक आवेदक संपूर्ण विवरण के लिए कॉर्पोरेट देनदार की वेबसाइट http://www.sterlingbiotech.in/liquidation.html पर अपलोड किए गए टीज़र के साथ प्रक्रिया दस्तावेज़, संस्करण 2.0 दिनांक 21.10.2021 का अवलोकन कर सकते है।

यहा पर निहित कुछ भी समग्र रूप से कॉर्पोरेट देनदार के अधिग्रहण के लिए गोईंग कन्सर्न आधार पर एक बाध्यकारी प्रस्ताव या प्रतिबद्धता नही है। ई-नीलामी के माध्यम से कॉर्पोरेट देनदार की बिक्री सख्ती से "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "वहां जो कुछ भी है" के आधार पर किया जाएगा।

ई-नीलामी प्रक्रिया ऑनलाइन ई-नीलामी एजेंसी द्वारा उनकी वेबसाइट https://ncltauction.auctiontiger.net के माध्यम से होगी। किसी भी अधिक जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए, आप कृपया परिसमापक से +91 98310-99551 पर या उनकी टीम के सदस्य सीएस लवकेश बत्रा से +91 83989-94547 पर संपर्क कर सकते हैं।

स्टर्लिंग बायोटेक लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/-
डॉ. (एच.सी.) सीएस अँड. ममता बिनानी
परिसमापक
पंजीकरण संख्या: IBBI/IPA-002/IP-N00086/2017-18/10227
liquidatorsterlingbiotech@gmail.com (प्रक्रिया विशिष्ट)
mamtabinani@gmail.com (आईबीबीआई के साथ पंजीकृत)
टेलीफोन नंबर: +91 98310 99551
आईबीबीआई में पंजीकृत परिसमापक का पता:
2री मंजिल, निक्को हाउस, 2 हरे स्ट्रीट
कोलकाता 700001, पश्चिम बंगाल
दिनांक: 21.10.2021

NEWTOWN SANSKRITIK SANGATHAN

CA/82, Street No.199, New Town, Kolkata-700156

NOTICE

A notice is hereby given that the Election to the Governing Body of Newtown Sanskritik Sangathanfor the year 2021-2023 will be held as per terms of resolution which is passed on 17.10.2021 by Governing Body of Newtown Sanskritik Sangathan, wherein, for the purpose of holding the said election, the following persons were appointed as Joint Election Officers to conduct the said election for the Year 2021-2023 which is scheduled to be held on 21.11.2021.

Names of Election Officers:
1) Phool Chand Gupta
2) Narayan Jhunjhunwala

NEWTOWN SANSKRITIK SANGATHAN

CA/82, Street No.199, New Town, Kolkata-700156

In terms of a resolutions passed in the Governing Body meeting of Newtown Sanskritik Sangathan on 17.10.2021, Notice is hereby given that the Election to the Governing Body of Newtown Sanskritik Sangathan for the year 2021-2023 is being scheduled which is as follows:

1) Collection of Nomination Papers	: 24th Oct, 2021 to 28th Oct, 2021 From 5.00 PM to 8PM From registered office of Newtown Sanskritik Sangathan at CA-82, Street No. 199, Newtown, Kolkata-700156.
2) Filing of Nomination Papers	: 25th Oct, 2021 to 29th Oct, 2021 From 10.00 AM to 3.00 PM daily
3) Withdrawal of Nomination Papers	: On 30th Oct, 2021 to 31th Oct, 2021
4) Scrutiny of Nomination Papers	: 1st Nov, 2021 up-to 3.00 PM
5) Final List of Candidates	: On 2nd Nov, 2021 at 10.00 AM
6) Date, Time & Place of Polling	: On 21st Nov, 2021 from 10.00 AM onwards at CB Market Community Hall, CB Market, 2nd Floor, Street No. 199, Newtown, Kolkata-700156.

SD/- **Phool Chand Gupta, Narayan Jhunjhunwala**
Joint Election Officers